# BIRBAL SAHNI INSTITUTE OF PALAEOSCIENCES

**(An Autonomous Institution under Department of Science & Technology, Govt. of India)**

**53, UNIVERSITY ROAD, LUCKNOW-226 007**

Fax No. 0522-2740098/2740485

Website :www.bsip.res.in


---

**ADVERTISEMENT NO. BSIP/SCI-B/01/2026** **Dated: 07.8.2026**

## ADVERTISEMENT NOTICE

Professor Birbal Sahni, FRS, founded the Institute in 1946 with the vision of establishing palaeobotany as an independent scientific discipline and demonstrating its immense potential in understanding the origin, evolution and diversification of plant life, as well as addressing broader geological problems, including the exploration of fossil fuel resources. Over the decades, the Institute has evolved into India's premier center for multidisciplinary research in palaeosciences.

The Birbal Sahni Institute of Palaeosciences (BSIP) is an autonomous research institute under the Department of Science and Technology, Government of India. The Institute is dedicated to advancing fundamental and applied research on the evolution of life, Earth's changing environments, and interactions among the biosphere, geosphere, atmosphere and hydrosphere through geological time. Its research spans the diversification of Precambrian life, Gondwana and Cenozoic floras, palaeobotany, palynology, palaeontology, geochronology, geochemistry, palaeoclimatology, Quaternary science, archaeobotany, dendrochronology, organic petrology, coal and lignite characterization, and ancient DNA studies.

Using an integrated multi-proxy approach, BSIP reconstructs past climates, ecosystems, landscapes and environmental changes, providing insights into palaeomonsoon variability, climate change, vegetation dynamics, ecosystem evolution and the co-evolution of human societies and their environments. The Institute also contributes to understanding sedimentary basin evolution and the genesis and quality of fossil fuel resources, thereby supporting sustainable exploration and utilization of natural resources. In keeping with emerging national priorities, BSIP is expanding its research frontiers to promote the conservation of geoheritage, advance frontier research in planetary sciences, and harness artificial intelligence, machine learning and digital technologies for innovative fossil identification, digital repositories, geospatial analysis, predictive modelling and data-driven discoveries in the palaeosciences. To fulfil its national mandate, BSIP undertakes systematic field investigations across a wide range of geological settings, including the Arctic and Antarctic regions.

The Institute invites applications from eligible Indian citizens for recruitment of regular post in scientific cadre.

***IMPORTANT DATES:***

| | | |
|---|---|---|
| **(a)** | **Commencement of online registration** | **10th August, 2026 at 1000Hrs.** |
| **(b)** | **Last date for submission of application & payment** | **04th September, 2026 at 1700 Hrs.** |

**1. *HOW TO APPLY:***

a. Interested candidates should apply their application only ***ONLINE*** through the Institute website www.bsip.res.in under the section "CAREER → BSIP RECRUITMENT PORTAL" and send the "**HARD COPY OF THE ONLINE APPLICATION**" along-with self-attested copies of Mark Sheets, Certificates, Degrees, Testimonials, etc., and **Demand Draft** of **Rs. 1,000/- (as uploaded in during filling the online application form)** should be sent in an envelope super-scribed **"APPLICATION FOR THE POST OF SCIENTIST 'B'** through Speed/Registered Post only as to reach on or before **11th September, 2026** till **1730 hrs**. to the **REGISTRAR, BIRBAL SAHNI INSTITUTE OF PALAEOSCIENCES, 53, UNIVERSITY ROAD, LUCKNOW 226 007, UP (INDIA) .**

b. The hard copy of applications without required documents/information/fees/photograph or unsigned etc. and NOT received within the due date will not be considered.

c. Candidates should specifically note that the applications received after the closing date for any reason whatsoever (such as envelopes wrongly addressed, delivered elsewhere, postal delay etc.) will not be entertained by BSIP, Lucknow.

d. Canvassing in any form will be treated as disqualification. Interim enquiries will NOT be entertained.

e. **<u>For any Technical and Administrative issues/support if any, the candidates may call on the following Mob./telephone no. from 09:30 AM to 05:45 PM (Monday to Friday):</u>**

**i. 0522-2742918, 2742956**

**ii. 0522-2740098**

**iii. email at:** help.recruitment@bsip.res.in

***2. APPLICATION FEE:***

The candidates have to pay application fee through Demand Draft for post is as under :

**(A) Scientist 'B' - Rs. 1,000/- (For Gen/OBC/EWS candidates)**

- No application fee for SC/ST/PH/Women candidates and who have already applied for the post of Scientist 'B' against Advertisement No. BSIP/S&A/02/2023 dated 14.02.2023.
- NO OTHER mode of payment of application fee is acceptable.
- ***<u>Candidates are therefore advised to verify their eligibility conditions before applying. Fee once paid will not be refunded under any circumstances.</u>***

**3. <u>GENERAL CONDITIONS :</u>**

a) Mere fulfilling of the minimum advertised qualification and experience requirements DO NOT automatically entitle an applicant to be called for the interview.

b) All applicants must fulfill the essential requirements of the post and other conditions stipulated in the advertisement. They are advised to satisfy themselves before applying that they possess the essential qualifications laid down for the post. No enquiry asking for advice as to eligibility will be entertained.

c) All the applications received within the due date in response to this advertisement shall be considered for short-listing by a Screening Committee and ONLY the candidates recommended by the Screening Committee after the necessary approval of the Competent Authority, will be called for the personal interview. The decision of the Institute on short-listing will be final and the Institute will not entertain any correspondence in this regard.

d) The number of post (s) may vary. The Institute reserves the right not to fill up any of the posts, if it so decides, without assigning any reson thereof.

e) Persons working in Central/State Government/Public Sector Undertaking/ Autonomous Bodies shall submit their applications through proper channel within due date.

f) The appointing authority will satisfy itself that the character and antecedents of the persons proposed to be appointed are such as not to render them unsuitable for appointment.

g) If at any time before or after the selection of a candidate, it is found that any information is suppressed or false; his/her selection shall be liable to be rejected or cancelled.

h) Selected candidates will be appointed initially on probation of two years. Continuation of their service will depend on satisfactory clearance of probation.

i) The candidates selected to these posts, will be governed by the New Pension Scheme.

j) Usual allowances as per rules of the Institute which are on the Government of India pattern are admissible for the post.

k) The Institute reserves the right to alter/insert any corrections/additions in the advertisement/website in the event of any typographical error before the last date prescribed for the receipt of applications.

l) Any modifications/amendments /corrigendum in respect of the above advertisement shall be made available only on BSIP Website and/or BSIP recruitment portal. No further press advertisement will be published. Hence prospective applicants are advised to visit Institute Website/ recruitment portal regularly for this purpose.

m) The Competent Authority of Birbal Sahni Institute of Palaeosciences (BSIP), Lucknow reserves the right to reject any or all the applications without assigning any reason thereof.

n) In case of any disputes, any suites or legal proceedings against the Institute, the territorial jurisdiction shall be restricted to the Courts in Lucknow at District Court Lucknow and Lucknow Bench of Hon'ble High Court, Allahabad.

o) Under No circumstances, the request to change personal interview date/slot will not be accepted.

p) No TA/DA will be paid by the Institute for attending personal interview.

q) Incomplete On-line application, in any respect shall be rejected and no further correspondence shall be entertained.

## 4. ***DETAILS OF VACANCIES :***

| S. No. | Name of the Posts | No. of Vacancies | | | | | | | Initial PayLevel (As per7th Central Pay Commission) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | EWS | UR | ST | SC | OBC | PH | Total Posts | |
| A. | SCIENTIST 'B' | 02 | 07 | 01 | 03 | 05 | 01 | 19 | Pay Level–10 |

**A. Scientist 'B'** : **19 POSTS (02-EWS, 07-UR, 01-ST, 03-SC, PH-01 & 05-OBC)**

Scale of Pay : Level – 10

Age limit : Not exceeding 35 years.

Essential qualifications : M.Sc. or recognized equivalent qualification with a first division in Biosciences/Geology/Physics/Chemistry or an allied discipline in Earth Science. 03 years research experience in relevant discipline.

***OR***

Ph.D. in relevant discipline.

Desirable qualification/specializations: Preference will be givien to the candidates having experience in the field of Paleontology (Invertebrate/Vertebrate)/ Palaeobotany/Palaeogeography/ Micropaleontology, Palaeocenography, Ancient DNA/metagenomics, Planetary Geosciences/ Astrobiology, Geoarcheology, Archeobotany, Paleoecology/Paleoclimatology, Palynology, Geochemistry, Applied dendrochronology: Integrating Palaeoclimates, Human Dynamics and Heritage Studies, Advanced applications of Artificial Intelligence and RS-GIS in Palaeosciences/Earth Sciences and/or other relevant disciplines, duly supported by publications of high standard in national/International journals, including post-doctoral research experience.

5. **Age Limit:** The crucial date for determination of the age limit shall be **04th September 2026** for receipt of applications from candidates; provided that the age limit is relaxable by 05 years in respect of candidates belonging to SC/ST categories and by 03 years for candidates belonging to OBC category; age relaxation for PH candidates will be as per the Government of India rules; and provided that in case of applicants already in service in any of the funded Institutions under the Department of Science & Technology, Government of India, the relaxation of age limit upto a maximum of 05 years shall be admissible.

***NOTE: Candidates' who have already applied for the post of Scientist 'B' under Advertisement No. BSIP/S&A/02/2023 dated 14.02.2023, their previous application is still valid and will be considered. However, they are mandatorily required to fill out and submit the online application form again through the institute's online portal within the specified deadline and send the Hard copy as stipulated in the advertisement. If Candidates'does not submit the online form within the prescribed time, the candidature shall not be considered, even though Candidates had applied earlier.***

***Candidates who applied under the advertisement NO. BSIP/S&A/02/2023 dated 14.02.2023; do not need to pay the application fee again.***

S/d-
(Sandeep Kumar Shivhare)
Registrar

# बीरबल साहनी पुराविज्ञान संस्थान

**(भारत सरकार, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत स्वायत्त संस्थान)**

**53, विश्वविद्यालय मार्ग, लखनऊ-226 007**

फैक्स नं. 0522-2740098/2740485

वेबसाइट : www.bsip.res.in

---

**विज्ञापन सं. बीसापुसं./विज्ञानी-बी/01/2026** **दिनांक: 07.8.2026**

## विज्ञापन सूचना

प्रोफेसर बीरबल साहनी, एफआरएस ने वर्ष 1946 में इस उद्देश्य के साथ संस्थान की स्थापना कि पुरावनस्पतिविज्ञान को स्वतंत्र वैज्ञानिक विषय के रूप में स्थापित किया जाए और पादप जीवन के उद्गम, उद्भव एवं विविधरूपण को समझने में इसकी अपार क्षमता को वर्णित और जीवाश्म ईंधन संसाधनों के अन्वेषण सहित व्यापक भू-वैज्ञानिक समस्याओं के समाधान में इसके योगदान को भी सुशोभित किया जाए। संस्थान दशकों से पुराविज्ञान में बहुविषयी अनुसंधान हेतु भारत के अग्रणी केंद्र के रूप में आलोकित है।

बीरबल साहनी पुराविज्ञान संस्थान (बीसापुसं.), भारत सरकार, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत स्वायत्त संस्थान है। संस्थान जीवन के विकास, पृथ्वी के परिवर्तित होते पर्यावरण तथा भू-वैज्ञानिक काल के दौरान जैवमंडल, भू-मंडल, वायुमंडल एवं जलमंडल के मध्य होने वाली अन्योन्यक्रियाओं पर मौलिक एवं अनुप्रयुक्त अनुसंधान को उन्नत करने में समर्पित है। यह अनुसंधान कैंब्रियन-पूर्व जीवन के विविधरूपण, गोंडवाना एवं नूतनजीव वनस्पतिजातों, पुरावनस्पतिविज्ञान, परागाणुविज्ञान, जीवाश्मविज्ञान, भू-कालानुक्रम, भू-रसायनविज्ञान, पुराजलवायुविज्ञान, चतुर्थ-महाकल्प विज्ञान, पुरातत्व-वनस्पतिविज्ञान, वृक्ष-कालानुक्रमण, कार्बनिक शैलविज्ञान, कोयला एवं भूरा-कोयला अभिलक्षणन एवं प्राचीन डीएनए अध्ययनों तक विस्तृत है।

एकीकृत बहु-प्रॉक्सी दृष्टिकोण प्रयुक्त करते हुए, बीसापुसं. गत जलवायु, पारितंत्रों, भू-दृश्यों एवं पर्यावरणीय परिवर्तनों की पुनर्रचना करता है, जिससे पुरामानसून परिवर्तनीयता, जलवायु परिवर्तन, वनस्पति गतिकी, पारितंत्र विकास तथा मानव समाजों एवं उनके पर्यावरण के सह-विकास के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होती है। संस्थान अवसादी द्रोणी के विकास तथा जीवाश्म ईंधन संसाधनों की उत्पत्ति एवं गुणवत्ता को समझने में भी योगदान देता है, जिससे प्राकृतिक संसाधनों के वहनीय अन्वेषण एवं उपयोग को समर्थन प्राप्त होता है। उभरती राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप, बीसापुसं. भू-विरासत संरक्षण को प्रोत्साहित करने, ग्रहीय विज्ञान में अग्रणी सीमांत अनुसंधान उन्नत करने व कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मशीन लर्निंग एवं डिजिटल प्रौद्योगिकियों का उपयोग जीवाश्मों के अभिनव अभिनिर्धारण, डिजिटल निक्षेपस्थलों, भू-स्थानिक विश्लेषण, भावी-सूचक प्रतिरूपण तथा पुराविज्ञान में आंकड़ा-आधारित अन्वेषण करते हुए अपने अनुसंधान क्षेत्र विस्तृत कर रहा है। अपने राष्ट्रीय अधिदेश को पूर्ण करने हेतु बीसापुसं. उत्तर-ध्रुवीय (आर्कटिक) एवं दक्षिण-ध्रुवीय (अंटार्कटिक) क्षेत्रों सहित विविध प्रकार की भू-वैज्ञानिक अवस्थिति वाले क्षेत्रों में क्रमबद्ध क्षेत्रीय अन्वेषण करता है।

संस्थान वैज्ञानिक संवर्ग के नियमित पद पर भर्ती हेतु पात्र भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित करता है।

***महत्त्वपूर्ण तिथियां:***

| | | |
|---|---|---|
| **(क)** | **ऑनलाइन पंजीकरण प्रारंभ होने की तिथि** | **10 अगस्त 2026, 1000 बजे** |
| **(ख)** | **आवेदन एवं शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि** | **04 सितंबर 2026, 1700 बजे** |

## 1. *आवेदन कैसे करें:*

(क) इच्छुक अभ्यर्थीगण को संस्थान की वेबसाइट www.bsip.res.in पर "CAREER → BSIP RECRUITMENT PORTAL" खंड पर केवल ***ऑनलाइन*** आवेदन करना चाहिए और **"ऑनलाइन आवेदन की हार्ड कॉपी"** अंक पत्रों, प्रमाणपत्रों, उपाधियों, शंसापत्रों आदि की स्वप्रमाणित प्रतियों सहित तथा **₹1,000/-** का **डिमांड ड्राफ्ट (जैसा ऑनलाइन आवेदन-पत्र भरते समय अपलोड किया है)** एक लिफाफे में ऊपर **" विज्ञानी 'बी' पद हेतु आवेदन"** लिखा हुआ केवल स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक से **रजिस्ट्रार, बीरबल साहनी पुराविज्ञान संस्थान, 53, विश्वविद्यालय मार्ग, लखनऊ-226007, यूपी (भारत)** को **11 सितंबर 2026, 1730 बजे** तक या पूर्व भेज दें।

(ख) अपेक्षित दस्तावेजों/सूचना/शुल्क/फोटो के बिना या अहस्ताक्षरित हार्ड कॉपी इत्यादि तथा निर्धारित तिथि तक प्राप्त न होने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

(ग) अभ्यर्थियों को विशेष रूप से ध्यान देना चाहिए कि किसी भी कारणवश समापन तिथि के बाद प्राप्त आवेदन (जैसे गलत पते पर संबोधित लिफाफा, अन्यत्र वितरित, डाक में विलंब आदि) पर बीसापुसं., लखनऊ विचार नहीं करेगा।

(घ) किसी भी रूप में प्रचार करना अयोग्यता माना जाएगा। अंतरिम पूछताछ पर विचार नहीं किया जाएगा।

(ङ) **किसी भी तकनीकी एवं प्रशासनिक समस्या/सहायता हेतु, अभ्यर्थी निम्नलिखित मोबा./दूरभाष पर 09:30 बजे पूर्वाह्न से 05:45 बजे अपराह्न तक (सोमवार से शुक्रवार) संपर्क कर सकते हैं:**

I. 0522-2742918, 2742956
II. 0522-2740098
III. ई-मेल: help.recruitment@bsip.res.in

## 2. *आवेदन शुल्क:*

अभ्यर्थियों को निम्नानुसार पद हेतु आवेदन शुल्क का भुगतान डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से करना होगा :

**(क) विज्ञानी 'बी' — ₹1,000/- (सामान्य/अन्य पिछड़ा वर्ग/आर्थिक रूप से दुर्बल वर्ग अभ्यर्थियों हेतु)**

- अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति /दिव्यांग/महिला अभ्यर्थियों तथा विज्ञापन सं. बीसापुसं./एस&ए/02/2023 दिनांक 14.02.2023 के अंतर्गत विज्ञानी 'बी' पद हेतु पहले आवेदन कर चुके अभ्यर्थियों को आवेदन शुल्क नहीं देना है।
- आवेदन शुल्क के भुगतान का कोई अन्य माध्यम स्वीकार्य नहीं है।
- *अतः अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि आवेदन से पूर्व अपनी पात्रता शर्तों को जांच लें। एक बार अदा किया शुल्क किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा।*

## 3. *सामान्य शर्तें :*

(क) विज्ञापित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव की अपेक्षाओं को मात्र पूर्ण करने से अभ्यर्थी स्वतः साक्षात्कार हेतु बुलाए जाने का हक़दार नहीं हो जाता।

(ख) सभी आवेदकों को विज्ञापन में निर्धारित पद की आवश्यकताओं तथा अन्य शर्तों को पूरा करना अनिवार्य है। उन्हें सलाह दी जाती है कि आवेदन करने से पूर्व स्वयं यह सुनिश्चित कर लें कि वे पद के लिए निर्धारित आवश्यक योग्यताएं पूरी करते हैं। पात्रता के संबंध में सलाह मांगने वाली किसी भी पूछताछ पर विचार नहीं किया जाएगा।

(ग) इस विज्ञापन के संदर्भ में निर्धारित तिथि के भीतर प्राप्त सभी आवेदनों पर जांच-परख (स्क्रीनिंग) समिति लघु-सूचीयन (शॉर्ट-लिस्टिंग) कर विचार करेगी तथा जांच-परख समिति से अनुशंसित अभ्यर्थियों की सक्षम प्राधिकारी द्वारा आवश्यक संस्वीकृति के बाद ही व्यक्तिगत साक्षात्कार हेतु बुलाया जाएगा। लघु-सूचीयन के संबंध में संस्थान का निर्णय अंतिम होगा व इस संबंध में संस्थान द्वारा किसी भी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

(घ) पद (दों) की संख्या परिवर्तित हो सकती है। यदि संस्थान निर्णय लेता है तो, बिना कोई कारण बताए, संस्थान को किसी भी पद को न भरने का अधिकार सुरक्षित है।

(ङ) केंद्र/राज्य सरकार/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम/स्वायत्त निकायों में कार्यरत व्यक्तियों को निर्धारित तिथि के भीतर अपने आवेदन उचित माध्यम से प्रस्तुत करने होंगे।

(च) नियुक्ति प्राधिकारी स्वयं यह सुनिश्चित करेंगे कि नियुक्ति हेतु प्रस्तावित व्यक्तियों का चरित्र एवं पूर्ववृत्त ऐसा हो कि वे नियुक्ति हेतु अनुपयुक्त न हो सकें।

(छ) यदि किसी अभ्यर्थी के चयन से पहले या बाद में किसी भी समय यह पाया जाता है कि कोई सूचना छिपाई गई या गलत है, तो उसका चयन अस्वीकृत या निरस्त किया जा सकता है।

(ज) चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति प्रारंभ में दो वर्ष के परिवीक्षा पर की जाएगी। परिवीक्षा के संतोषजनक समापन पर उनकी सेवा की निरंतरता निर्भर करेगी।

(झ) इन पदों पर चयनित अभ्यर्थी नई पेंशन योजना से नियंत्रित होंगे।

(ञ) पद हेतु सामान्य भत्ते संस्थान के नियमों के अनुसार, जो भारत सरकार के अनुरूप हैं, अनुमन्य होंगे।

(ट) आवेदन प्राप्ति हेतु निर्धारित अंतिम तिथि से पूर्व किसी टंकण संबंधी त्रुटि की स्थिति में संस्थान को विज्ञापन/वेबसाइट में आवश्यक सुधार/संशोधन/जोड़ करने का अधिकार सुरक्षित है।

(ठ) उपर्युक्त विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार के परिवर्तन/संशोधन/शुद्धिपत्र केवल बीसापुसं. की वेबसाइट और/या बीएसआईपी भर्ती पोर्टल पर उपलब्ध कराए जाएंगे। इस संबंध में आगे कोई प्रेस विज्ञप्ति प्रकाशित नहीं की जाएगी। अतः भावी आवेदकों को इस उद्देश्य से संस्थान की वेबसाइट/भर्ती पोर्टल को नियमित रूप से देखने की सलाह दी जाती है।

(ड) बिना कोई कारण बताए बीरबल साहनी पुराविज्ञान संस्थान (बीसापुसं.), लखनऊ के सक्षम प्राधिकारी को किसी एक या सभी आवेदनों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।

(ढ) किसी भी विवाद की स्थिति में, संस्थान के विरुद्ध किसी वाद या कानूनी कार्यवाही के मामले में क्षेत्रीय अधिकारिता लखनऊ स्थित न्यायालयों अथवा जिला न्यायालय, लखनऊ तथा माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद की लखनऊ खंड–पीठ तक सीमित रहेगी।

(ण) किसी भी परिस्थिति में व्यक्तिगत साक्षात्कार की तिथि/स्लॉट में परिवर्तन का अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा।

(त) व्यक्तिगत साक्षात्कार में सम्मिलित होने हेतु संस्थान कोई यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता नहीं देगा।

(थ) किसी भी प्रकार से अपूर्ण ऑनलाइन आवेदन अस्वीकार कर दिया जाएगा व इस संबंध में आगे किसी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

***4. <u>रिक्तियों का विवरण :</u>***

| क्र. सं. | पद का नाम | रिक्तियों की संख्या | | | | | | | प्रारंभिक वेतन स्तर (7वें केंद्रीय वेतन आयोग के तहत) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | आर्थिक रूप से दुर्बल वर्ग | अनारक्षित | अनुसूचित जनजाति | अनुसूचित जाति | अन्य पिछड़ा वर्ग | दिव्यांग | कुल पद | |
| (क) | विज्ञानी 'बी' | 02 | 07 | 01 | 03 | 05 | 01 | 19 | वेतन स्तर–10 |

**(क) विज्ञानी 'बी'** : **19 पद (02–आर्थिक रूप से दुर्बल वर्ग, 07–अनारक्षित, 01–अनुसूचित जनजाति, 03–अनुसूचित जाति, दिव्यांग-01 एवं 05–अन्य पिछड़ा वर्ग)**

वेतनमान : स्तर–10

आयु सीमा : 35 वर्ष से अधिक नहीं।

अनिवार्य योग्यताएं : जैव–विज्ञान/भू–विज्ञान/भौतिक–विज्ञान/रसायन–विज्ञान या पृथ्वी–विज्ञान से संबद्ध किसी विषय में प्रथम श्रेणी में एम.एस–सी. या मान्यता प्राप्त समकक्ष योग्यता। 03 वर्ष का संबंधित विषय में अनुसंधान अनुभव।

**अथवा**

सुसंगत विषय में पी–एच.डी.

वांछनीय योग्यता/विशेषज्ञता: जीवाश्मविज्ञान (अकशेरुकी/कशेरुकी) /पुरावनस्पतिविज्ञान/पुराभूगोल/सूक्ष्मजीवाश्मविज्ञान, पुरासमुद्रविज्ञान, प्राचीन डीएनए/मेटाजीनोमिक्स, ग्रहीय भौमिकी, खगोलजीवविज्ञान, भू-पुरातत्वविज्ञान, पुरातत्व वनस्पतिविज्ञान, पुरापारिस्थितिकी/पुराजलवायुविज्ञान, परागाणु विज्ञान, भू-रसायन, अनुप्रयुक्त वृक्ष-कालानुक्रमण: पश्च-डॉक्टरीय अनुसंधान अनुभव सहित राष्ट्रीय/अंतरराष्ट्रीय जर्नलों में उच्च स्तरीय प्रकाशनों से विधिवत समर्थित पुराविज्ञान/पृथ्वीविज्ञान और/या अन्य सुसंगत विषयों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता व आरएस-जीआईएस के समाकलन पुराजलवायु, मानव गतिकी एवं विरासत अध्ययनों, उन्नत अनुप्रयोगों के क्षेत्रों में अनुभवी अभ्यर्थियों को वरीयता दी जाएगी।

5. **आयु सीमा:** आयु सीमा निर्धारित करने हेतु निर्णायक तिथि **04 सितंबर 2026** होगी, इस तिथि तक अभ्यर्थियों से आवेदन प्राप्त हो जाने चाहिए; अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों को आयु सीमा में 05 वर्ष तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को 03 वर्ष की छूट अनुमन्य है; दिव्यांग अभ्यर्थियों को भारत सरकार के नियमों के अनुसार आयु में छूट होगी; तथा यदि आवेदक पहले से ही भारत सरकार, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत किसी वित्तपोषित संस्थान की सेवा में हैं, तो आयु सीमा में अधिकतम 05 वर्ष तक की छूट स्वीकार्य होगी।

*नोट: जिन अभ्यर्थियों ने विज्ञापन सं. बीसापुसं./एस&ए/02/2023 दिनांक 14.02.2023 के अंतर्गत विज्ञानी 'बी' के पद हेतु पहले ही आवेदन किया है, उनका पूर्व आवेदन अभी भी मान्य है व उस पर विचार किया जाएगा। तथापि, उनके लिए निर्धारित समय-सीमा के भीतर संस्थान के ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन–पत्र पुनः भरकर जमा करना तथा विज्ञापन में निर्धारित समयानुसार उसकी हार्ड कॉपी भेजना अनिवार्य है। यदि अभ्यर्थी निर्धारित समय में ऑनलाइन फॉर्म जमा नहीं करता है, तो उसकी अभ्यर्थिता पर विचार नहीं किया जाएगा, भले ही अभ्यर्थी ने पहले आवेदन किया हो।*

*जिन अभ्यर्थियों ने विज्ञापन सं. बीसापुसं./एस&ए/02/2023 दिनांक 14.02.2023 के अंतर्गत आवेदन किया था, उन्हें आवेदन शुल्क पुनः जमा करने की आवश्यकता नहीं है।*

हस्ताक्षरित/–
(संदीप कुमार शिवहरे)
रजिस्ट्रार